प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
05.05.2026/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

नामांकन जांच

प्रदेश में शहरी निकायों व पंचायत चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हो रही है। प्रदेश के 51 शहरी निकायों में चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। शहरी निकायों में 4 सौ 49 पार्षद पदों के लिए एक हजार 4 सौ 26 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। उम्मीदवार 6 मई तक नाम वापस ले सकेंगे और इसी दिन चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच होगा। इस बीच तीन चरणों में होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए 7 मई से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उम्मीदवार 8 और 11 मई को भी नामांकन दाखिल कर सकेंगे।

धनीराम–हर्षवर्धन

सोलन नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने गतिविधियां तेज कर दी है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज नगर निगम चुनाव को लेकर सोलन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति पर गहन चर्चा की। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने सोलन में पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया और नगर निगम क्षेत्र में विकास संबंधी मुद्दों व समस्याओं पर मंथन किया।

विधानसभा अध्यक्ष

हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और ओड़िशा के पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक आज जयपुर में आयोजित की गई। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस बैठक में भाग लिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समिति प्रणाली लोकतंत्र में मिनी सदन की भूमिका निभाती हैं जहां विस्तृत विचार–विमर्श और सूक्ष्म परिक्षण संभव होता है। विधानसभा अध्यक्ष

ने कहा कि ये प्रणाली किसी भी लोकतांत्रिक विधायिका का अभिन्न अंग है और ये संसद और विधानमंडलों के कार्यों को अधिक प्रभावी व उत्तरदायी बनाती है। कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान कई सुझाव भी दिए और कहा कि समितियों की सिफारिशों को अधिक प्रभावी व बाध्यकारी स्वरूप दिया जाना चाहिए।

अल्का लांबा

राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा ने नारी शक्ति वंदन विधेयक को संसद की 5 सौ 43 सीटों के आधार पर लागू करने की केन्द्र से मांग की है। आज शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून लागू करने के लिए कांग्रेस प्रधानमंत्री को 10 लाख पोस्ट कार्ड भेजेगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आज महिला कांग्रेस ने हस्ताक्षर अभियान भी शुरू कर दिया है।

अल्का लांबा ने कहा कि महिला कांग्रेस हिमाचल में 68 विधानसभा सीटों पर टैलेंटहंट कर महिलाओं को चुनाव के लिए तैयार करेगी।

वंदना योगी

प्रदेश भाजपा सचिव वंदना योगी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण, परिसीमन और जनगणना जैसे गंभीर विषयों पर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संविधान संशोधन और परिसीमन के बाद दक्षिण भारत की राजनीतिक शक्ति कम नहीं होगी बल्कि बढ़ेगी। वंदना योगी ने कहा कि कांग्रेस के पास न नीति है न नियत और न ही ठोस मुद्दे हैं, इसलिए वो जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो संगठनात्मक स्तर पर भी महिलाओं को 33 प्रतिशत से अधिक भागीदारी देता है। जाति जनगणना को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर वंदना योगी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने स्पष्ट निर्णय लिया है कि आगामी जनगणना में जाति जनगणना भी शामिल होगी।

भाजपा–जश्न

पश्चिम बंगाल में जीत के बाद भाजपा प्रदेश भर में जश्न मना रही है। पार्टी के शिमला मंडल ने आज ढोल–नगाड़ों के साथ खुशी मनाते हुए लड्डू बांटे। इस अवसर पर भाजपा नेता संजय सूद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कमल का फूल खिलने से पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा हुआ है। संजय सूद ने कहा कि कांग्रेस निराशा में कुछ भी बोल सकती है और जब जनता कांग्रेस को नकारती है तो ईवीएम व चुनाव आयोग पर सवाल उठाती है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ–नमस्कार।